प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राज्य में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमाखोरी आर कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का दिया आदेश।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाल व्यक्तियों और ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित : चित्रकूट के देव स्वरूप और रचना देवी को मिला सम्मान।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार 12 वर्ष से अधिक समय से कोमा में गाजियाबाद के व्यक्ति के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की दी अनुमति।

और

4. आंगनबाड़ी केंद्रों में अप्रैल से मिलेगा रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार : नई व्यवस्था को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा उत्तर प्रदेश।

———————————

प्रदेश सरकार ने कहा है कि राज्य में कहीं भी पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है और आपूर्ति और वितरण सामान्य रूप से जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल के वैश्विक घटनाक्रमों को देखते हुए पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर कल समीक्षा बैठक की। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री योगी ने अधिकारियों को नियमित रूप से जमीनी निरीक्षण करने और जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व–त्योहारों, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा और अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के दृष्टिगत कानून–व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की भी समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को सतर्कता और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव और निजी कंपनी क सीईओ रजत वर्मा ने मुलाकात की। दोनों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। मुलाकात के दौरान प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस क्रम में प्रदेश में भारत की पहली रेयर अर्थ टू मैग्नेट इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी मंथन हुआ। इस फैसिलिटी के स्थापित होने से देश में उच्च तकनीक आधारित मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।

———————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि जल संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नई दिल्ली में जारी जल महोत्सव 2026 के तहत एक राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने राष्ट्र से जल के साथ एक अमूल्य खजाने की तरह व्यवहार करने का आग्रह किया। उन्होंने जल को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की बात कही। बाइट...

*हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं देखना चाहिए, कहा जाता है कि जल है तो कल है। अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमें जल संरक्षण को अपने व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। यह हर्ष का विषय है की 8 मार्च से 22 मार्च तक आयोजित किए जा रहे जल महोत्सव के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है।*

**इस अवसर पर राष्ट्रपति ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया। इसी क्रम में प्रदेश के चित्रकूट की मनकुंवार ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान रचना देवी को राष्ट्रपति ने उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह और अनुकरणीय वित्तीय स्थिरता श्रेणी में सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम चित्रकूट के ही छिवलहा ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान देव स्वरूप को भी सम्मानित किया गया।**

————————

**सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार 32 वर्षीय एक व्यक्ति को निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति दी है। न्यायालय ने पिछले 12 वर्षों से अधिक समय से कोमा में गाजियाबाद के हरीश राणा के कृत्रिम जीवन रक्षक यंत्र को हटाने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति जे बी.पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एम्स दिल्ली को हरीश राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया है, जिससे चिकित्सा उपचार बंद किया जा सके। पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र हरीश राणा को 2013 में पीजी की चौथी मंजिल से गिरने के बाद सिर में गंभीर चोटें आई थी।**

फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए हरीश राणा के पिता अशोक राणा ने सबके सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि इससे देश के दूसरे ऐसे मामलों में भी न्याय में मदद मिलेगी।

बाइट.....

*हम धन्यवाद करते हैं। उन अभिवक्ताओं का भी, उन मुख्य चिकित्सकों का भी सहयोग मिला हमें परंतु हम सेटिस्फाइड हैं। उन्होंने हमारे लिए एम्स की रिपोर्ट ली। अब एम्स में लड़के को ले जाया गया। उन्होंने चेक किया। उसके बाद उन्होंने ब्रेन डैमेज का डिक्लेयर किया। क्योंकि यह मेरा अपने लड़के का मामला नहीं है। ऐसे इस भारत देश में पता नहीं कितने लड़के पड़े रहते हैं।*

————————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————————

केंद्र सरकार ने ग्रामीण सड़कों के रख रखाव को मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश को छियासी करोड़ बत्तीस लाख रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। यह राशि वित्त वर्ष 2025–26 के लिए वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में जारी की गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण संपर्क प्रभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह राशि राज्य सरकार को

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पहले से निर्मित ग्रामीण सड़कों के आवधिक रख रखाव के लिए प्रदान की गई है।

————————

पंचायती राज मंत्रालय के सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान के अंतर्गत आज नई दिल्ली में पंचायतों की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का एक–दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश से इस सम्मेलन में 135 महिला प्रधानों ने प्रतिभाग कर प्रदेश की सशक्त पंचायत व्यवस्था और महिला नेतृत्व की प्रभावशाली भूमिका को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। यूपी से 10 अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

अमरोहा की ग्राम पंचायत फौलादपुर की ग्राम प्रधान मनु यादव को भो कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनु यादव ने पंचायत स्तर पर काम करने वाली महिलाओं को राष्ट्रीय मंच पर अवसर देने के लिए पंचायती राज मंत्रालय और राज्य सरकार का आभार जताया। बाइट......

*जिला प्रशासन अमरोहा का, उत्तर प्रदेश सरकार का और पंचायती राज मंत्रालय का दिल से आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने पंचायत स्तर पर कार्य करने वाली महिला को राष्ट्रीय मंच पर लाकर सम्मानित होने का अवसर दिया और अपनी बात ग्राम पंचायत के स्तर से और गांव के स्तर से राष्ट्र मंच पर रखने का अवसर प्रदान किया। उसके लिए बहुत–बहुत धन्यवाद।*

————————

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में अप्रैल से रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। भारत

सरकार की गाइडलाइन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लागू की जा रही इस व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। नई व्यवस्था के तहत प्रदेश में सात श्रेणी के लाभार्थियों को ध्यान में रखकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। एक रिपोर्ट.

*प्रदेश सरकार ने बच्चों, गर्भवती औरधात्री महिलाओं के बेहतर पोषण के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में अप्रैल से रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार की नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से रेसिपी आधारित पुष्टाहार तैयार कर सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जिन जिलों या परियोजनाओं में इसकी व्यवस्था नहीं होगी, वहां नैफेड के जरिए आंगनबाड़ी केंद्रों तक आपूर्ति की जाएगी। सरकार ने अलग अलग आयु वर्ग के बच्चों और महिलाओं के लिए अलग भोजन तय किया है। व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार ने कुल 301 करोड़ 19 लाख रुपये का वायबिलिटी गैप फंड भी मंजूर किया है। समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

———————————

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड की ओर से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड आज जारी कर दिए गए। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाकर इसे डाउन लोड कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन 14 और 15 मार्च 2026 को राज्य के 75 जिलों में बने परीक्षा केंद्रों पर होगा। दोनों दिन परीक्षा 2 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती के जरिए कुल चार हजार 543 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। वही परीक्षा को लेकर प्रदेशभर में तैयारियां तेज हो गई ह हापुड़ और शामली

मं आज जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर परीक्षा में पूरी पारदर्शिता और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

———————————

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के रायबरेली, सहारनपुर और आस–पास के क्षेत्रों में आज सुबह कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक यह स्थिति बनी रहेगी। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 15 मार्च से प्रदेश के तराई इलाकों के साथ–साथ पूर्वांचल के कुछ भागों में बारिश होने से तापमान मं थोड़ी गिरावट आने की संभावना है।

(समाप्त)